SYNERGY

Happy Holi

BSES
BSES Rajdhani Power Limited

... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

मार्च – 2015

अपनी सुरक्षा के लिए बाहर लगवाएं अपना बिजली मीटर

उपभोक्ताओं के सुरक्षा हितों को ध्यान में रखते हुए, हम अपने सम्मानित उपभोक्ताओं से अनुरोध करते हैं कि वे आगे आएं, और अपने बिजली मीटरों को घर से बाहर किसी ऐसे स्थान पर स्थानांतरित करवाएं जहां पर बिजली कंपनी के कर्मचारियों को नियमित तौर पर मीटर रीडिंग लेने में कोई दिक्कत ना हो। मीटर शिफ्ट करवाने के लिए हमारे हेल्पलाइन नंबर 399–99–707 पर फोन करें। हम जल्द से जल्द मीटर स्थानान्तरित करवाने संबंधी औपचारिकताओं को पूरा करने में आपकी मदद करेंगे।

बिजली मीटर को बाहर लगवाने के फायदे

- अनाधिकृत व्यक्तियों का आपके घरों में प्रवेश पाना थोड़ा मुश्किल होगा।
- परिसर के बंद होने की वजह से मीटर की रीडिंग न हो पाने के कारण अस्थायी बिलों को भेजने के मामलों में कमी आएगी।
- आपातकाल या स्पार्किंग होने की स्थिति में बिजली अधिकारियों को मीटर तक पहुंच कर जांच करने में आसानी होगी।

'बिजली गुल' की शिकायत हेल्पलाइन नंबर, आईवीआरएस और एसएमएस के जरिए करें

कॉल करें 24x7 **399–99–707**

आईवीआरएस

- किसी रजिस्टर्ड नंबर से 399–99–707 पर कॉल करें*
- भाषा का चयन करें
- बिजली गुल के लिए 1 दबाएं, और आईवीआरएस आधारित सेवाओं के लिए ऑप्शन 2 चुनें
- आपका अनुरोध स्वतः ही रजिस्टर्ड हो जाएगा
- अगर आप रजिस्टर्ड नंबर से कॉल नहीं कर रहे हैं तो अनुरोध दर्ज कराने के लिए सीए/सीआरएन नंबर को पंच करें

एसएमएस

टाइप करें–बीएसईएस आरपी, स्पेस दें, एनसी लिखें, स्पेस दें, नौ अंकों वाला सीए नंबर टाइप करें और 5–61–61–07 पर भेज दें।

बीआरपीएल के जीरो बैलेंस ड्राइव में शामिल हों, और पाएं सैकड़ों एलईडी बल्ब्स जीतने का मौका।

बीआरपीएल के जीरो बैलेंस ड्राइव में शामिल हों, और पाएं सैकड़ों एलईडी बल्ब्स जीतने का मौका। हर सप्ताह लकी ड्रॉ का आयोजन किया जाएगा जिसके तहत, बीआरपीएल के 19 डिविजनों में से हर डिविजन के 10 उपभोक्ताओं को पांच–पांच एलईडी बल्ब्स जीतने का मौका मिलेगा। संबंधित डिविजन ऑफिसों में हर शनिवार सुबह साढ़े दस बजे इलाके के प्रमुख निवासियों/आरडब्ल्यूए सदस्यों द्वारा ड्रॉ का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक उपभोक्ताओं को ड्रॉ के लिए आमंत्रित किया जाता है।

ड्रॉ के विजेताओं के नाम बीएसईएस की वेबसाइट और कस्टमर केयर सेंटरों पर डिस्प्ले किया जाएगा।

इसमें हिस्सा लेने के लिए आपको बस यह करना है कि पूर्व के सभी बकायों और अरियर्स का भुगतान कर, साप्ताहिक ड्रॉ व 31 मार्च 2015 से पहले जीरो बैलेंस मेंटेन करना होगा।

**बंपर ड्रॉ*
3 बंपर प्राइज आपको जिता सकता है 40" एलईडी टीवी, रेफ्रिजरेटर और वॉशिंग मशीन**

योग्य उपभोक्ता बंपर ड्रॉ के लिए स्वतः क्वालीफाई कर जाएंगे*

बंपर लकी ड्रॉ का आयोजन 6 अप्रैल 2015 को बीआरपीएल के हेडक्वार्टर नेहरु प्लेस में सुबह 10 बजे किया जाएगा।

समझदारी के साथ बिजली का इस्तेमाल कर कम करें बिजली बिल

- एलईडी बल्ब लगाएं। ये लाइट्स साधारण बल्ब की तुलना में आठ गुना और सीएफएल के मुकाबले दोगुना ऊर्जा कुशल हैं।
- आप अपनी खिड़कियों व दीवारों को पौधों से ढककर 40 प्रतिशत तक बिजली की खपत कम कर सकते हैं।
- एसी थर्मोस्टैट को 25 डिग्री सेल्सियस पर सेट करें, ताकि कम से कम कीमत पर बेहतर आराम मिले।

- छत को सफेद रंग से पेंट कर दें या उस पर सफेद टाइल्स लगवायें। रेज़ीडेंशियल और कमर्शियल छत को सफेद रंग से पेंट कराने या उस पर सफेद टाइल्स लगवाने से एयरकंडीशनर से होने वाली बिजली की खपत में 20 प्रतिशत की कमी आयेगी।

- इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को स्टैंड बाय मोड पर न रखें क्योंकि आपका बिजली मीटर ऐसी स्थिति में भी बिजली की खपत को रेकॉर्ड करता है।

- यह सुनिश्चित करें कि रेफ्रिजरेटर गर्मी वाले किसी भी स्थान से दूर हो। सूर्य की सीधी रोशनी भी न पड़े। हवा के निर्बाध आवागमन के लिए रेफ्रिजरेटर के आसपास पर्याप्त जगह छोड़ें। यदि गर्मी नहीं भागती है, तो कूलिंग सिस्टम को और भी कठिन परिश्रम करना पड़ेगा और इसमें बिजली की ज्यादा खपत होगी।

- जब उपयोग में न हो, तो कंप्यूटर को ऑफ कर दें। खपत हुई कुल बिजली का आधा से अधिक हिस्सा मॉनिटर उपयोग कर लेता है। यदि आपको कंप्यूटर ऑन भी रखना हो, तो मॉनिटर को ऑफ कर ही दें।
- बिजली की खपत को कम करने के लिए बीईई रेटिंग वाले उपकरणों का इस्तेमाल करें।

Send in your feedback to Corporate Communications, BSES Rajdhani Power Limited, Regd. Off: BSES Bhawan, Nehru Place, New Delhi - 110019
CIN No U74899DL2001PLC111527, Tel No +91 11 399-99-707, Website www.bsesdelhi.com

To advertise in Synergy, please call Twohmp at 9650804539 or email : direct@twohmp.in
BSES Rajdhani Power Limited is not legally responsible for the contents of the advertisements in Synergy